# दतिया में आपत्तिजनक पोस्ट पर बवाल

## बीजेपी ने थाना घेरा, महिला ने पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा पर लगाए गंभीर आरोपी

**दतिया, 13 अगस्त. जिले में एक फेसबुक पोस्ट से बड़ा विवाद हो गया है. अनीता लोहिया नाम की महिला के नाम से फेसबुक पर एक पोस्ट डाली गई, जिसमें पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा पर गंभीर और आपत्तिजनक आरोप लगाए गए.**

यह पोस्ट दतिया के कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती ने अपने व्हाट्सऐप ग्रुप में शेयर कर दी. इसके बाद बीजेपी कार्यकर्ता नाराज हो गए और विधायक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए कोतवाली थाने का घेराव किया. बीजेपी जिलाध्यक्ष रघुवीर शरण कुशवाहा ने कहा कि जो नेता राजनीति में असफल हो जाते हैं, वे



इस तरह की ओछी हरकतों पर उतर आते हैं. उनका कहना था कि पोस्ट शेयर करना न केवल नरोत्तम मिश्रा के चरित्र पर हमला है, बल्कि महिलाओं के प्रति गलत सोच भी दिखाता है.

दतिया एसपी सूरज वर्मा ने बताया कि महिला का बयान लेकर मामला साइबर सेल को भेजा जाएगा और जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी. एएसपी सुनील शिवहरे ने कहा कि जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी आधार पर कानूनी कदम उठाए जाएंगे. वहीं, कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे बात नहीं हो पाई.

### महिला बोली- मेरा अकाउंट हैक हुआ

विवाद के बाद खुद अनीता लोहिया अपने पति के साथ सामने आईं और पोस्ट से पूरी तरह किनारा कर लिया. उन्होंने कहा कि वह एटा, जिला जालौन की रहने वाली हैं और उनकी फेसबुक आईडी हैक कर ली गई थी. किसी ने नरोत्तम मिश्रा के खिलाफ झूठे और बेबुनियाद आरोप लगाए, जिसकी वह कड़ी निंदा करती हैं. उन्होंने कहा कि वह दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगी. अनीता लोहिया ने नरोत्तम मिश्रा को धार्मिक और सामाजिक कामों में सक्रिय नेता बताते हुए कहा कि इस तरह के आरोप बहुत ही नीच सोच को दर्शाते हैं.

# शिवपुरी में प्रधानमंत्री आवास ढहाया

### कार्रवाई के दौरान महिला का बेटा हुआ बेहोश



**शिवपुरी, 13 अगस्त. शिवपुरी शहर के संजय कॉलोनी क्षेत्र में न्यायालय के आदेश के बाद एक महिला का पीएम आवास ढहा दिया गया. कार्रवाई के दौरान माहौल में गहमागहमी बनी रही.**

इसी बीच मकान टूटते देख महिला का बेटा बेहोश हो गया, जिसे अस्पताल ले जाया गया. वहीं महिला और उसकी बेटियां रोती-बिलखती रहीं. संगीता खटीक के मकान के लिए रास्ता उपलब्ध नहीं था. रास्ता और पास की सरकारी भूमि पर ममता विश्वकर्मा ने पहले कच्चा मकान बनाया और बाद में इस पर कोई पीएम आवास स्वीकृत करा लिया. रास्ता और सरकारी भूमि को लेकर संगीता खटीक ने न्यायालय में वाद दायर किया, जिसमें उन्हें निर्णय मिला. इसके बाद संबंधित मकान पर कार्रवाई की गई.

दूसरी ओर, ममता विश्वकर्मा का कहना है कि उनके पति ने कई वर्ष पहले बैजनाथ प्रसाद पांडेय से यह जमीन 80 हजार रुपये में खरीदी थी और लिखा पढ़ी भी करवाई थी. बाद में पीएम आवास योजना के तहत राशि स्वीकृत हुई, जिससे मकान का निर्माण कराया गया. पति की मौत के बाद वह चार बेटियों और एक बेटे के साथ रह रही थीं तथा सिलाई कर परिवार का पालन-पोषण कर रही थीं. दो महीने बाद बेटी की शादी तय थी, लेकिन उससे पहले ही मकान ढह जाने से परिवार को भारी संकट का सामना करना पड़ रहा है. ममता ने आरोप लगाया कि पड़ोसी ने रास्ते को लेकर चार लाख रुपये की मांग की थी और सीधे बातचीत करने की बजाय मकान तुड़वाने का रास्ता अपनाया.

### ग्वालियर आईजी सक्सेना स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रपति पदक से होंगे सम्मानित

**ग्वालियर, 13 अगस्त.** ग्वालियर जोन के पुलिस महानिरीक्षक एवं भारतीय पुलिस सेवा के वर्ष 2006 बैच के वरिष्ठ अधिकारी अरविंद सक्सेना को विशिष्ट सेवाओं के लिये सम्मानित किया जायेगा. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित समारोह में श्री सक्सेना को राष्ट्रपति पदक से सम्मानित करेंगे. पुलिस महानिरीक्षक सक्सेना को शासकीय सेवाओं के दौरान वर्ष 2011 में राष्ट्रपति के सराहनीय सेवा पदक एवं वर्ष 2021 में राष्ट्रपति के वीरता पदक से पुरस्कृत किया जा चुका है.

# महाकाल से विश्वनाथ तक योजना विस्तार

### उज्जैन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा

**उज्जैन, 13 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन से वाराणसी प्रस्थान कर रहे तीर्थ यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बाबा महाकाल की नगरी उज्जैनी से बाबा विश्वनाथ की नगरी वाराणसी का पुण्य अर्जित करने जा रहे श्रद्धालु बधाई के पात्र हैं.**

उन्होंने कहा कि गंगा स्नान, भगवान विश्वनाथ के दर्शन के साथ संत रविदास और कबीर दास की जन्मस्थली का दर्शन भी यात्रियों को मिलेगा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में भगवान



श्रीराम के धाम को जो शोभा प्रदान की, वह गर्व का विषय है.

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों के लिए वर्ष 2018 से आरंभ मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना का बजट प्रतिवर्ष 50 करोड़ से अधिक है. इसमें हवाई यात्रा की भी व्यवस्था है. पर्यटन विभाग के सहयोग से योजना का और विस्तार किया जाएगा.

> मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए समर्पित है. सीएम ने वर्चुअली यात्रियों से संवाद भी किया. कल्पना शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने श्रवण कुमार की तरह अपने कर्तव्य का पालन किया है. सीएम ने सभी यात्रियों को सफल और सुखद यात्रा की शुभकामनाएं दीं.

# कई गांवों में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के पुतले फूंके

### किसानों मजदूरों ने किया जोरदार प्रदर्शन

**इंदौर, 13 अगस्त. संयुक्त किसान मोर्चा से जुड़े किसान संगठनों और केंद्रीय श्रम संगठनों की अभियान समिति के आव्हान पर आज इंदौर के कई गांव में डोनाल्ड ट्रंप के पुतले जलाए गए साथ ही किसान संगठनों और श्रम संगठनों के कार्यकर्ताओं ने गांधी हाल से जुलूस निकाला तथा संभाग कार्यालय पहुंचकर ट्रंप के पोस्टर की होली जलाई बाद में आयुक्त के माध्यम से दो अलग-अलग ज्ञापन सौंपे गए.**




प्रदर्शन का नेतृत्व रामस्वरूप मंत्री, अरुण चौहान, रुद्रपाल यादव, बबलू जाधव और प्रमोद नामदेव ने किया. प्रदर्शन कारियों ने नारे लगाते हुए बहुराष्ट्रीय कंपनियों भारत छोड़ो, कार्पोरेट कृषि छोड़ो श्रम संहिता वापस लो, अमेरिका से व्यापार समझौता नहीं चलेगा आदि नारे लगाए. दिए गए ज्ञापन में अमरीका द्वारा भारत पर 50 टैरिफ लगाए जाने को अमेरीका की भारत के खिलाफ आर्थिक नाकेबंदी पर आक्रोश व्यक्त करते हुए भारत सरकार से 146 करोड़ भारतीयों की खाद्य सुरक्षा और किसानी बचाने के लिए अमरीका के किसी भी दबाव में न आने की मांग की. केंद्रीय कृषि मंत्री को भेजे गए ज्ञापन में मांग की गई है.

### छुटकारा दिलाएं

इंदौर की तीनों कृषि उपज मंडियों चोइथराम मंडी, लक्ष्मी नगर मंडी और छावनी मंडी में अव्यवस्थाओं के चलते किसानों हम्मालों और व्यापारियों को आए दिन होने वाली परेशानी से छुटकारा दिलाया जाए. आउटर रिंग रोड, अहिल्या पथ योजना सहित जितनी भी योजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण प्रस्तावित है उस पर तत्काल रोक लगाई जाए और किसानों की सहमति के बगैर भूमि अधिग्रहण नहीं किया जाए. वर्ष 2019 से 186 किसानों का बकाया 2 करोड़ 74 लाख रुपए मंडी निधि से भुगतान किया जाएं.

# एक्सपर्ट कमेटी की रिपोर्ट तलब

## पटवारी भर्ती परीक्षा : नोटिस जारी कर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**जबलपुर, 13 अगस्त. पटवारी भर्ती परीक्षा 2022 पश्नों को विलोपित करने व तीन प्रश्नों के उत्तर गलत दर्शाने के मामले को हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने मामले में कर्मचारी चयन बोर्ड को एक्सपर्ट कमेटी की रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिये।**

इसके साथ ही युगलपीठ ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिये हैं। यह अपील भोपाल निवासी नितिन जैन की ओर से दायर की गई है। जिनकी ओर से अधिवक्ता सिद्धार्थ वर्मा ने पक्ष रखा। जिसमें कहा गया कि अपीलकर्ता नितिन जैन ने पटवारी भर्ती परीक्षा 2022 में भाग लिया था। उनका कहना है कि कर्मचारी चयन बोर्ड (ईएसबी) ने परीक्षा के 7 प्रश्न क्रमांक 6, 33, 46, 65, 126, 118, 124 को बिना ठोस कारण मनमाने ढंग से रद्द कर दिया और 3 प्रश्नों जिसमें प्रश्न क्रमांक 104, 131, 132 की उत्तर कुंजी गलत निर्धारित की। जिसके कारण उन्हें योग्य अंक नहीं मिल सके। आवेदक की ओर से कहा गया कि यदि उक्त त्रुटियों को सुधारा जाए तो वह चयन सूची में आ सकते हैं। उक्त मामले को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी, लेकिन एकलपीठ ने सीमित न्यायिक समीक्षा और बोर्ड के विवेकाधिकार का हवाला देते हुए याचिका खारिज कर दी थी, जिस पर यह अपील दायर की गई है। दायर अपील में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का हवाला देते हुए तर्क दिया गया कि बिना पर्याप्त कारण विलोपित किये गये प्रश्नों व उत्तर पुस्तिका की त्रुटि को न्यायालय सुधार सकता है।

# बवाल : मुरैना में फायरिंग, पथराव और लाठियां चलीं

**मुरैना, 13 अगस्त. मुरैना स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के जेबरा खेरा गांव में पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर बवाल हुआ. आरोप है कि तीन नामजद युवकों ने एक घर के बाहर पहले फायरिंग की, फिर पथराव और लाठियों से हमला किया. घटना में एक महिला घायल हो गई.**

पूरा मामला गांव के ही सीसीटीवी में कैद हो गया है. पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है. पुलिस के मुताबिक जेबरा खेरा निवासी जितेश शर्मा का गांव के विकास शर्मा से लंबे समय से विवाद चल रहा है. जितेश दुकान पर बैठा था, तभी विकास शर्मा, उसका भाई नितिन शर्मा, दोस्त आकाश शर्मा और एक अन्य युवक एक राय होकर आए और जितेश के घर के बाहर फायरिंग शुरू कर दी. जान बचाने के लिए जितेश घर के अंदर घुस गया. इसके बाद आरोपियों ने करीब ढाई मिनट में चार राउंड फायर किए, फिर पथराव और लाठियों से हमला किया. बीच-बचाव करने आई जितेश की मां को लाठी लगने से चोट आई. पुलिस ने जितेश की शिकायत पर विकास शर्मा और अन्य आरोपियों पर केस दर्ज कर गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं.

# मंडला में हर घर तिरंगा का देशभक्ति रंग

## नर्मदा की नौका तिरंगा यात्रा बनी आकर्षण का केंद्र

**मंडला, 13 अगस्त. भारतीय जनता पार्टी जिला मंडला ने आजहर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिलेभर में भव्य तिरंगा यात्राएं निकालीं. ग्रामीण मंडलों में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने गाँव-गाँव, गली-गली और मुख्य मार्गों पर तिरंगा लहराकर राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया.**



कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नर्मदा नदी में संगम घाट से निकली नौका तिरंगा यात्रा रही, जिसमें सजी-संवरी नौकाओं पर तिरंगा फहराते हुए शहीदों को नमन किया गया. यात्रा के दौरान देशभक्ति गीतों की गूंज और किनारों से पुष्पवर्षा ने माहौल को भावुक कर दिया. साल्हेडंडा से महाराजपुर, जामगांव से चिरईडोंगरी, टिकरी टोला से बम्हनी और अंजनिया से मुख्य मार्ग होते हुए कई मंडलों में तिरंगा रैली निकाली गई. ग्रामीणों, युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई. भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा, हर घर तिरंगा स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को नमन करने का प्रतीक है. कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके ने कार्यकर्ताओं की एकता और जोश की सराहना की. सुबह से ही सोशल मीडिया पर तिरंगा यात्राओं के दृश्य वायरल होते रहे.

# उपमुख्यमंत्री ने दिए ओपीडी प्रारंभ करने के निर्देश

**इंदौर, 13 अगस्त. उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने निर्माणाधीन नंदानगर सिविल अस्पताल का निरीक्षण कर जल्द से जल्द ओपीडी प्रारंभ करने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि शेष कार्य पूर्ण होते ही अस्पताल का लोकार्पण किया जाएगा.**



नंदानगर में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल का निर्माण कार्य वर्ष 2022 में शुरू हुआ था. 26,035 वर्गफीट क्षेत्र में बन रहा यह चार मंजिला अस्पताल मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, आधुनिक अग्निशमन व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, बेसमेंट पार्किंग, मेडिकल गैस पाइपलाइन, एसटीपी और ईपीटी सुविधा, लिफ्ट, जनरेटर और एसी जैसी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा. निरीक्षण के दौरान उपमुख्यमंत्री ने एमडी कॉर्पोरेशन से औषधि एवं मेडिकल उपकरणों की आपूर्ति शीघ्र सुनिश्चित करने को कहा.

# सीधे नदी में मिल रहा नाली का गंदा पानी

### महज दिखावा है चेतावनी बोर्ड

**रीवा/चाकघाट, 13 अगस्त. नगर में स्वच्छता अभियान के नाम पर भले ही रैली निकाली जाए य स्वच्छता अभियान में अच्छे अंक प्राप्त कर लिए जाएं लेकिन हकीकत की धरातल में चाकघाट नगर में बढ़ती गंदगी पर कोई रोक नहीं लग पा रहा है.**

दिन प्रतिदिन नगर में गंदगी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है. चाकघाट की प्रमुख तमसा नदी में के तट पर जहां एक और नगर परिषद प्रशासन का सूचना बोर्ड लगा है की नदी में गंदगी फैलाने वालों पर चालानी कार्यवाही की जाएगी एवं 500 /रुपए का अर्थ




दंड देना होगा. ठीक वहीं सूचना बोर्ड के बगल में बघेड़ी क्षेत्र के वार्ड क्र.14 का गंदा पानी खुले रूप में नदी में बहाया जा रहा है. राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क का निर्माण कराने वाली एजेंसी ने सड़क के किनारे बने बस्ती के गंदे पानी को निकालने के लिए जो पक्की नाली बनाई है उसे सीधे तमसा नदी में मिला दिया गया है. बघेड़ी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 14 का पूरा गंदा पानी राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बने पक्की नाली से होकर सीधे नदी में प्रवेश कर रहा है.

> हालांकि नगर परिषद ने गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही का सूचना बोर्ड भी लगा रखा है, लेकिन यह सूचना बोर्ड महज एक दिखावा है. नगर परिषद गंदे पानी को सीधे नदी में जाने से नहीं रोक पा रहा है और न ही परिषद द्वारा पक्की नाली के माध्यम से सीधे नदी में गिरने वाले गंदे पानी को रोकने के लिए कोई कार्यवाही ही की जा रही है.

# डीपी से ऑयल चोरी करते चार आरोपी गिरफ्तार

**रतलाम, 13 अगस्त. ग्रामीणों ने डीपी से आयल की चोरी कर रहे चार को पकड़ा. आरोपियों को पुलिस के सुपूर्द किया, जिन्हें न्यायालय में पेश कर रिमांड मिला.**

ग्राम धम्मोतर में ग्रामीणों द्वारा चार आरोपियों को डीपी से ऑयल निकलते रंगे हाथ पकड़ा. फरियादी दिनेश पिता नंदराम धाकड़ निवासी धम्मोतर अपने साथियों के साथ मिल कर चारों आरोपियों को थाने लेकर आए. आरोपियों से पुछताछ में उन्हेंने अपना नाम राजकुमार पिता नागुलाल कीर, देवेन्द्रसिंह पिता विक्रमसिंह निवासी रिंगनिया थाना खाचरोद जिला उज्जैन, भरत पिता देवचन्द पाटीदार व राजु



पिता मोहनलाल कीर निवासी धौसवास बताया. आरोपियों से पूछताछ कर उनकी तलाशी लेते आरोपियों के कब्जे से चोरी किया डीपी आईल भरी तीन कैन व आईल चोरी करने के औजार जब्त किए. तीनों आरोपीगणो के विरुद्ध अपराध पंजीबद्द कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया.

**महोत्सव आज** | श्रीकृष्ण की 16 कलाओं पर आधारित है यह मंदिर

# शालिग्रामी शिला पर बलदाऊ की दुर्लभ प्रतिमा

सुरेश पांडे

**पन्ना, 13 अगस्त. जिलो मे ऐतिहासिक श्री बलदेव जी मंदिर मे उनका प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा. इसके लिए तैयारियां पूर्ण हो चुकी है. विश्व का संभवत: पहला बलदाऊ मंदिर पन्ना मे है जिसमें स्थापत्य कला का अभूतपूर्व संगम है तथा 16 कलाओं पर निर्मित हैं.**

स्वत: भगवान बलदाऊ जी प्रतिमा विशाल शालिग्रामी शिला पर तराश कर बनाई गई है. आज महिलाएं हलछट का व्रत रखकर अपने पुत्रों के दीर्घायु के लिए पूजा अर्चना करेंगीं ऐसी मान्यता है कि व्रती महिलाएं इस दिन हल



से जोत कर खेत में होने वाले अनाज और सब्जियां नहीं खाती हैं. व्रत में केवल तालाब में पैदा होने वाली वस्तुओं (तिन्नी चावल, मुआ साग आदि) को खाया जाता है. गाय का दूध या दुग्ध उत्पाद भी इस्तेमाल नहीं होता. व्रती महिलाएं दीवार पर पारंपरिक रूप से छठ माता का चित्र बनाती हैं. गणेश, माता गौरा की पूजा करती हैं. कुछ परिवारों में महिलाएं जमीन लीपकर घर में ही एक छोटा सा तालाब बनाकर, उसमें झरबेरी, पलाश और कांसी पेड़ भी लगाती हैं. हलषष्ठी की कथा सुनती हैं. भगवान बलराम से पुत्रों की दीर्घायु की कामना करती हैं.

मान्यता है कि ऐसा करने से भगवान हलधर उनके पुत्रों को लंबी आयु प्रदान करते हैं. पूर्व व पश्चिम स्थापत्यकला का अपूर्व संगम है पन्ना का बलदेवजी मंदिर:- धार्मिक नगरी पन्ना में बलदाऊ का भव्य एवं अद्वितीय मंदिर है. दक्षिण भारत के विश्व प्रसिद्ध मंदिरों की तरह ही बलदेव जी मंदिर में शालिग्रामी शिला पर कृष्णवर्णी प्रतिमा स्थापित है.

> मंदिर में श्रीकृष्ण की 16 कलाओं का आनंद, लंदन के चर्च का प्रतिरूप :-प्रतिमा की तरह ही यहां का मंदिर भी विशेष है. भगवान श्रीकृष्ण की 16 कलाओं पर आधारित यह मंदिर पूर्व और पश्चिम के स्थापत्य कला का अद्भुत संगम है. मंदिर का बाहरी हिस्सा लंदन के प्रसिद्ध सेंटपॉल चर्च का प्रतिरूप है. इसकी डिजाइन इटली के मानचित्रकार ने तैयार की थी. मंदिर का निर्माण संवत 1933 से शुरू होकर 3 साल में संवत 1936 में पूरा हुआ था.

### कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पटवारी कल ग्वालियर आएंगे


**ग्वालियर 13, अगस्त.** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी 14 अगस्त को ग्वालियर प्रवास पर आएंगे. जिला कांग्रेस अध्यक्ष डा. देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि पटवारी प्रात: 5.40 पर भोपाल से ग्वालियर आएंगे. रेलवे स्टेशन पर कांग्रेसजनों द्वारा प्रदेश अध्यक्ष की अगवानी की जाएगी, प्रदेश अध्यक्ष पटवारी राज्यसभा सांसद अशोक सिंह के निवास पर उनकी माताजी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुचेंगे, जहां से दोपहर 2 बजे कांग्रेस की वोट सत्याग्रह तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे, उसके बाद शाम 5:42 पर वंदे भारत ट्रेन से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे.

# सागर विवि पर पांच लाख रुपए का जुर्माना

### असिस्टेंट प्रोफेसर्स नियुक्ति में गड़बड़ी संबंधी मामले में ईसी का निर्णय खारिज

**जबलपुर. मप्र हाईकोर्ट ने असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति में गड़बड़ी के मामले में सागर विश्वविद्यालय को जमकर आड़े हाथों लिया। जस्टिस विवेक जैन की एकलपीठ ने विवि की कार्यपरिषद ( ईसी ) द्वारा 14 नवंबर 2022 को पारित निर्णय को खारिज कर दिया है।**

एकलपीठ ने पाया कि अपनों को उपकृत करने के लिए ईसी के फैसले के तहत 82 पदों की जगह 157 पदों पर नियुक्तियां दे दी गई थीं। एकलपीठ ने कहा कि चूँकि विश्वविद्यालय ने इस मामले में पूरी तरह से अवैधानिक कार्य किया है,



इसलिए उस पर जुर्माना लगाया जाना उचित है। न्यायालय ने कहा कि ईसी के उक्त निर्णय से योग्य अभ्यर्थियों का अधिकार छीना गया है और अवैध रूप से चयनित उम्मीदवारों को बचाने का प्रयास किया गया है। हाईकोर्ट ने इस कृत्य के लिए विश्वविद्यालय पर पांच लाख रुपए की कॉस्ट अधिरोपित की। सागर निवासी डॉ. दीपक गुप्ता ने नियुक्ति प्रक्रिया को असंवैधानिक बताते हुए 2022 में याचिका दायर की थी। याचिका में कार्यपरिषद द्वारा 14 नवंबर 2022 के फैसले को चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट ने विश्व विद्यालय को आदेश दिये गये कि ईसी के 7 फरवरी 2020 के निर्णय के तहत तीन माह के भीतर नए सिरे से नियुक्ति प्रक्रिया करें। न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि यदि नियत अवधि में ऐसा नहीं हुआ तो 14 नवंबर 2022 के निर्णय के तहत नियुक्त असिस्टेंट प्रोफेसर 15 नवंबर 2025 से कार्यरत नहीं माने जाएंगे। हाईकोर्ट ने कहा कि पांच लाख की कॉस्ट में से 2 लाख मप्र पुलिस कल्याण फंड, एक लाख नेशनल डिफेंस फंड, एक लाख रुपए आर्म्ड फोर्सेज फ्लैग डे फंड, 50 हजार मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और 50 हजार हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के खाते में 45 दिनों के भीतर जमा कराई जाए।